आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 23.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हुआ–राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विकसित भारत के लिए प्रदेश को पावर हाउस के रूप में तैयार कर रही है।

2– आज सदन में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण–राज्य की जीएसडीपी करीब साढ़े ग्यारह प्रतिशत और प्रति व्यक्ति आय में करीब दस प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान।

3– वित्त मंत्री ओपी चौधरी कल विधानसभा में पेश करेंगे आगामी वित्तीय वर्ष के लिए राज्य का बजट।

**और**

4– रायपुर सहित राज्य के कई स्थानों के मौसम में आज आया बदलाव–कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई।

..............

**<u>विस–राज्यपाल अभिभाषण–01</u>**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। बीस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पंद्रह बैठकें होंगी। सत्र की शुरूआत राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण से हुई।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विकसित भारत के लिए प्रदेश को पावर हाउस के रूप में तैयार कर रही है। इसके लिए एनर्जी समिट का आयोजन भी किया गया, जिसमें साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। राज्यपाल ने बताया कि सरकार प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस इंडस्ट्री का हब बनाने के लिए संकल्पित है। सरकार ने डिजिटल गर्वनेंस के माध्यम से पारदर्शिता को अपनाया है। लाल फीता शाही को रोकने ई–फाईल की व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही बायोमेट्रिक अटेडेंस सिस्टम भी शुरू हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब तेजी से वैश्विक टूरिज्म के नक्शे में अपनी जगह बना रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां कि सरल, सहज और मेहनतकश जनता की बदौलत राज्य सरकार इन संभावनाओं को साकार करने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रही है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसानों द्वारा उपजाया जाने वाला खाद्यान्न निर्यात के माध्यम से अधिक से अधिक मात्रा में विदेशों तक पहुंचे, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ऐसी तकनीकों पर काम कर रही है, जिससे खाद्यान्नों की शेल्फ लाइफ बढ़ाई जा सके। इसके लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र की सहायता से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है।

**<u>विस–राज्यपाल अभिभाषण–02</u>**

राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने माओवादियों के आत्मसमर्पण के लिए बेहतर नीति बनाई है, जिसके फलस्वरूप भटके हुए युवा अब मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से माओवादी आतंक से मुक्ति की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन धुर नक्सल प्रभावित इलाकों को माओवाद से मुक्त किया गया है, वहां नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही बस्तर में विकास के लिए कनेक्विविटी को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

**विस–आर्थिक सर्वेक्षण**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज सदन में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसके अनुसार वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में छत्तीसगढ़ का सकल राज्य घरेलू उत्पाद–जीएसडीपी पिछले वर्ष की तुलना में ग्यारह दशमलव पांच–सात प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। चालू वित्तीय वर्ष में सकल राज्य घरेलू उत्पाद बढ़कर छह लाख इकतीस हजार दो सौ इंक्यानवे करोड़ रूपए होना संभावित है। यह वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। सबसे अधिक वृद्धि सेवा क्षेत्र में हुई है, जो कि तेरह दशमलव एक–पांच प्रतिशत है। वहीं, कृषि क्षेत्र में भी करीब साढ़े बारह प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब दस प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह आर्थिक सर्वेक्षण छत्तीसगढ़ की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ आज किसानों की समृद्धि और औद्योगिक मजबूती के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र छत्तीसगढ़ की नई अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान करीब उनचास प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। यह दर्शाता है कि राज्य में निवेश, रोजगार और विकास के नये अवसर लगातार बढ़ रहे हैं।

**विस–छत्तीसगढ़ बजट**

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी कल चौबीस फरवरी को विधानसभा में वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए बजट पेश करेंगे। बजट भाषण का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा किया जाएगा।

## अमित शााह–टैक्सी सारथी

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और चालकों को लाभ दिलाना है।

**ये जो कन्सेप्ट है, वो ये है कि जो श्रम कर रहा है, जो मेहनत कर रहा है, उसी को मुनाफा मिले, किसी सेठ को न मिले। अब आप भारत टैक्सी का विचार क्यूं आया, ये जो आपने कहा ढेर सारी कम्प्लेंट्स आती थी, बीस प्रतिशत कट जाता था, कोई सर्टेनिटी नहीं थी, कोई सुरक्षा नहीं थी, जितनी भी कम्प्लेंट्स है वो, इसका निवारण क्या है, वो जो कंपनियां है, वो कंपनियां चलाने का उद्देश्य मालिक को धनी बनाना है, फर्क इतना है मालिक आप हो।**

भारत टैक्सी की अनूठी सारथी दीदी पहल का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं। श्री शाह ने बताया कि भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस एप में महिला सुरक्षा के लिए विशेष उपाय शामिल किए जाएंगे।

## विजय शर्मा–अपील

माओवादियों की ओड़िशा राज्य कमेटी के पश्चिम सब जोनल ब्यूरो सचिव विकास द्वारा छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम एक पत्र जारी कर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने

की इच्छा जाहिर की गई है। इस पत्र के अनुसार बलांगीर, बरगढ़ और महासमुंद इलाके में सक्रिय करीब पन्द्रह माओवादी दो या तीन मार्च को आत्मसमर्पण करना चाहते हैं।

इस पत्र के जवाब में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने माओवादियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें और संबंधित जिले के पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर आत्मसमर्पण करें। सरकार उनका स्वागत करेगी और उनके पुनर्वास के लिए सभी संभव उपाए किए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की माओवादियों के नाम संपूर्ण अपील का प्रसारण भी आकाशवाणी द्वारा किया जाएगा। यह प्रसारण आकाशवाणी के छत्तीसगढ़ स्थित विभिन्न केन्द्रों द्वारा पच्चीस फरवरी तक सुबह नौ बजकर बीस मिनट से और शाम पांच बजकर तीस मिनट से किया जाएगा।

**जवान–घायल**

बीजापुर जिले में आज आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सुरक्षा बल का एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के दक्षिण क्षेत्र स्थित गलगम के जंगलों में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से एसटीएफ का जवान घायल हो गया। घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया जा रहा है।

**अग्निवीर–भर्ती**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट के ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर एक अप्रैल तक पंजीयन

करा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम इस वर्ष जुलाई–अगस्त में आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को अगले वर्ष जनवरी में होने वाली भर्ती रैली के लिए बुलाया जाएगा।

**मौसम**

एक निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण बंगाल की खाड़ी में स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों में मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका जताई है।

राज्य में आज भी राजधानी रायपुर सहित कुछ स्थानों पर बादल छाए रहे तथा हल्की बारिश भी हुई।

**संक्षिप्त समाचार**

– भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कल हुए क्रिकेट मैच के दौरान दुर्ग जिले में करीब पचास लाख रूपए से अधिक का ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि सामग्री जब्त की गई है।

– केन्द्र सरकार के जनजातीय मंत्रालय ने कोंडागांव जिले की ग्राम पंचायत बनजुगानी में घोटुल और जनजातीय युवाओं के लिए सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिए पांच करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं।

– जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा क्षेत्र के पोंच गांव में बहेराडीह के किसान स्कूल द्वारा जैविक खेती अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

और

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर–घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>